## *Ascension Genesys Hospital, Ascension St. Mary's Hospital और Ascension Medical Group – Genesys & St. Mary's के कवर किए गए प्रदाता*

### वित्तीय सहायता नीति का सारांश

Ascension Genesys और St. Mary's की सुविधाएं और Medical Group कवर किए गए प्रदाता, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए बाधाओं से जूझने वालों के प्रति एक विशेष चिंता के साथ प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा के लिए प्रतिबद्ध हैं और उसका सम्मान करते हैं। पूरे समुदाय के लिए एक सेवा के रूप में अपने स्वास्थ्य संसाधनों के प्रबंधन के लिए Ascension सुविधाओं और प्रदाताओं की समान प्रतिबद्ध है। इन सिद्धांतों के आगे बढ़ते हुए, Ascension Genesys और St. Mary's की सुविधाएं और Medical Group कवर प्रदाता कुछ ऐसे व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, जो Ascension Mid-Michigan सुविधाओं और कवर किए गए प्रदाताओं से आपातकालीन या अन्य चिकित्सकीय आवश्यक देखभाल प्राप्त करते हैं। यह सारांश Ascension Genesys और St. Mary's की सुविधाओं और Medical Group के द्वारा कवर किए गए प्रदातों की वित्तीय सहायता नीति का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है।

**कौन योग्य है?**

यदि आप अल्कोना, एरेनाक, बे, जेनेसी, ग्लैडविन, ग्रैटियोट, इओस्को, लैपीर, मिडलैंड, ओकलैंड, ओगेमाव, सागीनाव, शियावास्से या टस्कोला काउंटी (Alcona, Arenac, Bay, Genesee, Gladwin, Gratiot, Iosco, Lapeer, Midland, Oakland, Ogemaw, Saginaw, Shiawassee या Tuscola काउंटी) में रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको वित्तीय सहायता मिले। वित्तीय सहायता का निर्धारण आम तौर पर संघीय गरीबी के स्तर की तुलना आपकी कुल घरेलू आय से करके किया जाता है। यदि आपकी आय संघीय गरीबी स्तर के 250% से कम या इसके बराबर है, तो आपको उन शुल्कों के भाग पर 100% चैरिटी देखभाल राइट-ऑफ मिल सकता है, जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं। अगर आपकी आय संघीय गरीबी के स्तर के 250% से अधिक है पर संघीय गरीबी के स्तर के 400% से अधिक नहीं है, तो आप को विसर्पी पैमाने (स्लाइडिंग स्केल) पर रियायती दरें प्राप्त हो सकती हैं। यदि आपातकालीन और चिकित्सीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए आपका चिकित्सीय कर्ज आपकी आय से अधिक है, तो आप छूट के पात्र हो सकते हैं। यदि आपकी संपत्ति संघीय गरीबी स्तर आय राशि के 250% से ज्यादा है, तो संभवतः आप वित्तीय सहायता के लिए पात्र ना रहें। वित्तीय सहायता के लिए पात्र होने पर आपको सेवाओं के लिए मामूली फ्लैट शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। मरीज़ जो वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं, उनसे उपयुक्त इलाज के लिए बीमा कवरेज वाले मरीज़ों से आम तौर पर लिए जाने वाले शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**कौन सी सेवाएँ शामिल हैं?**

वित्तीय सहायता नीति आपातकाल और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल पर लागू होती है। इन शर्तों को वित्तीय सहायता नीति में परिभाषित किया गया है। अन्य सभी सेवाएँ वित्तीय सहायता नीति में शामिल नहीं हैं।

**मैं कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूँ?**

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए, आप आमतौर पर वित्तीय सहायता नीति में दिए अनुसार एक लिखित आवेदन को पूरा करेंगे और साथ में सहायक दस्तावेज़ पेश करेंगे और वित्तीय सहायता नीति आवेदन देंगे।

**मुझे एक आवेदन के साथ मदद कैसे मिल सकती है?**

वित्तीय सहायता नीति आवेदन में मदद के लिए आप विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त किसी नंबर पर हमारी वित्तीय सहायता टीम के सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

**मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?**

वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति आवेदन पत्र की प्रतियाँ विशिष्ट परिसरों के अनुसार नीचे प्रदत्त वेबसाइटों और पतों पर उपलब्ध हैं। वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता नीति आवेदन की मुफ्त प्रतियाँ विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त ग्राहक सेवा टेलीफोन नंबर पर कॉल करके डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती हैं। वित्तीय सहायता नीति के बारे में अतिरिक्त जानकारी विशिष्ट परिसर के अनुसार नीचे प्रदत्त स्थानों और नंबरों पर भी उपलब्ध है।

| सुविधा जहाँ सेवा प्रदान की गई थी: | फोन नं: |
|---|---|
| Ascension St. Mary's Hospital | 888-978-6279 |
| Ascension Genesys Hospital | 888-544-7737 |

| सुविधा/कार्यालय जहाँ सेवा प्रदान की गई थी: | पूरे किए गए आवेदन इस पते पर डाक द्वारा भेजें: |
|---|---|
| Ascension St. Mary's Hospital | 3274 Solution Center, Chicago, IL 60677-3002 |
| Ascension Genesys Hospital | 3274 Solution Center, Chicago, IL 60677-3002 |
| Ascension Medical Group Providers - Genesys | PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240 |
| Ascension Medical Group - Genesys - Integrated Providers | PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240 |
| Ascension Medical Group Providers - St. Mary's, Standish and St. Joseph | PO Box 80278, Indianapolis, IN 46240 |

वित्तीय सहायता विवरण विशिष्ट परिसर के अनुसार निम्न वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है:

| *ऐसा परिसर/ ऐसा स्थान जहाँ सेवाएँ प्रदान की जाती हैं* | *वित्तीय सहायता वेबसाइट* |
|---|---|
| Ascension Genesys Hospital | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MIGRA/Grand-Blanc-Ascension-Genesys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension St. Mary's Hospital | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MISAG/Saginaw-Ascension-St-Marys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension Genesys एम्बुलेटरी इमेजिंग | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MIGRA/Grand-Blanc-Ascension-Genesys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension Genesys एम्बुलेटरी थेरेपी | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MIGRA/Grand-Blanc-Ascension-Genesys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension Medical Group के प्रदाता - Genesys | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MIGRA/Grand-Blanc-Ascension-Genesys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension Medical Group - Genesys - एकीकृत प्रदाता | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MIGRA/Grand-Blanc-Ascension-Genesys-Hospital/Financial-Assistance |
| Ascension Medical Group के प्रदाता - St. Mary's | https://healthcare.ascension.org/Locations/Michigan/MISAG/Saginaw-Ascension-St-Marys-Hospital/Financial-Assistance |

**अगर मैं योग्य नहीं हूँ तो क्या होगा?**

अगर आप वित्तीय सहायता नीति के तहत वित्तीय सहायता के लिए योग्य नहीं हैं, तो आप अन्य प्रकार की सहायता के लिए योग्य हो सकते हैं। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया ऊपर सूचीबद्ध स्थान या टेलीफोन नंबर पर हमारी वित्तीय परामर्श टीम के किसी सदस्य से संपर्क करें।

**वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता नीति आवेदन और निर्देश, और इस सरल भाषा सारांश का अनुवाद निम्न भाषाओँ में हमारी वेबसाइट पर और अनुरोध किए जाने पर उपलब्ध है:**

| | | |
|---|---|---|
| अरेबिक | जर्मन | कोरियाई |
| चीनी | हिंदी | रूसी |
| अंग्रेजी | जापानी | स्पेनिश |